# अल्पकालीन निविदा सूचना

उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद के पत्र संख्याः 1412/3ख–85(पीएसी)/14 दिनांक 30–10–2014 के द्वारा मानक मद सं0–08 (तख्तों का क्रय) हेतु स्वीकृत अनुदान के सापेक्ष निम्न स्पेसिफिकेशन के तख्तों की आपूर्ति रजिस्टर्ड/प्रतिष्ठित फर्मो से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0स0 | सामग्री का नाम | स्पेसिफिकेशन | टेण्डर फार्म शुल्क | अर्नेस्टमनी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | जवानों के उपयोगार्थ स्टीलफ्रेम तख्तों की आपूर्ति | **Steel frame Takhat**<br>Size- 1800x900x19mm Ply Board<br>Angle Frame 32x3mm | रू0 200/– प्रति फार्म | कार्य की धनराशि का दो प्रतिशत |

1– निविदा प्रपत्र **दिनांक 20–01–2015** तक की अवधि में किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमाकर प्राप्त किया जा सकता है।

2– उक्त सामानों की आपूर्ति हेतु निविदा **दिनांक 20–01–2015** तक की अवधि में डाली जा सकती हैं, जिसे **दिनांक 20–01–2015** को अपरान्ह 13.00 बजे वाहिनी के राजपत्रित अधिकारी उप सेनानायक अथवा सहायक सेनानायक द्वारा निविदादाता फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी।

3– निविदा में प्रस्तावित कार्य की संख्या को कम अथवा अधिक किया जा सकता है। निविदा के साथ सम्बन्धित फर्म को प्रस्तावित कार्य का स्पेसिफिकेशन, उपयोगिता, कार्य पूर्ण करने की अवधि आदि का स्पष्ट विवरण/चार्ट संलग्न करना होगा। सम्बन्धित फर्म तख्त का एक नमूना **(माडल)** भी टेण्डर की तिथि को प्रस्तुत किया जायेगा।

4– सम्बन्धित फर्म को निविदा के साथ अपने फर्म के आयकर रिटर्न, रजिस्ट्रेशन, चरित्र प्रमाणपत्र आदि अभिलेख संलग्न करना होगा।

5– प्रत्येक निविदा के साथ प्रस्तावित सामग्री की धनराशि के दो प्रतिशत के बराबर धनराशि अर्नेस्ट मनी के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

6– निविदा न्यूनतम दर के सिद्धान्त के आधार पर स्वीकार की जायेगी।

7– कोई भी सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

8– कोई अधिवक्ता जो बार काउंसिल में पंजीकत होगा, निविदा में भाग नहीं ले सकता है। इसी प्रकार ब्लैक लिस्टेड फर्म निविदा नहीं डाल सकेंगे। निविदादाता को निविदा के साथ इस आशय का प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि वे न तो बार काउंसिल के पंजीकृत अधिवक्ता हैं न ही उनकी फर्म ब्लैक लिस्टेड की गयी है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास रहेगा।

पत्र संख्याः क–21/2014
दिनांकः 1–1–2015

**(उमेश कुमार श्रीवास्तव)**
सेनानायक,
32वीं वाहिनी पीएसी,
लखनऊ।

**प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं अपने–अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार–प्रसार कराने हेतु :–**

1– पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक कम्प्यूटर, जवाहर भवन लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि निविदा का प्रकाशन उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट पर कराने का कष्ट करें। (सीडी संलग्न है)

2– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, लखनऊ/पुलिस अधीक्षक, सीतापुर, उन्नाव, बाराबॅक, हरदोई, रायबरेली, अमेठी, खीरी/सेनानायक 35वीं, 10वीं, 25वीं, 30वी, 27वीं, 11वीं, 2वीं, वाहिनी पीएसी।

3– जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0/जिला उद्योग अधिकारी लखनऊ।

4– समस्त राजपत्रित अधिकारी/शिविरपाल/सूबेदार सैन्य सहायक/समस्त दलनायक को निविदा का समुचित प्रचार/प्रसार कराने हेतु।

6– कार्यालय नोटिस बोर्ड/जिलाधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशन हेतु।